जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ / प्रशा / स्था / 2021 / 54787　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक 15/12/2021

// अधिसूचना //

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला अधिकारी जिला ग्वालियर से प्राप्त पत्र क्रमांक /स्था/निर्वा. /11–24/100/2021/01 ग्वालियर, दिनांक 06.12.2021 के निर्देशानुसार त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021–22 का मतदान दिनांक 06.01.2022 को सम्पन्न किया जाना है।

उपरोक्त निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक /अधिकारी/कर्मचारी को सूचित किया जाता है कि, निर्वाचन कार्य समाप्ति तक अपने अधिनस्थ शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी द्वारा किसी भी प्रकार का अवकाश आवेदन स्वीकृत न किया जावें। अपरिहार्य कारणों से यदि अवकाश पर जाना आवश्यक हैं तो संबंधित द्वारा लिखित आवेदन कार्यालय प्रमुख के मतांकन सहित श्री एच.वी.शर्मा, अपर कलेक्टर जिला ग्वालियर सह नोडल अधिकारी मतदान दल गठन के समक्ष प्रस्तुत करे, ओर उनसे अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही अवकाश का उपभोग करे। साथ ही निर्देशित किया जाता हैं, वर्तमान में आपके अधीनस्थ जो शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी अवकाश का उपभोग उक्त अवधि में कर रहे है उन्हे सूचित कर अपने कर्तव्य पर वापस बुलाया जावे।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता हैं।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा0 कुलसचिव (प्रशा0), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. विश्वविद्यालयीन वेबसाइट पर प्रसारित हेतु।

उपकुलसचिव (प्रशा0)